## रोजगार सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पटना

**भारतीय जीवन बीमा निगम**
**प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की भर्ती**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपने पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन विविध मण्डल कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र में प्रशिक्षु विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों, जो की भारतीय नागरिक हों, से चयन हेतु ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

**1. रिक्तियाँ :**

अनुसूचित जा**ति**, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण निम्नानुसार होगा :

| क्र. | मण्डल कार्यालय का नाम | पदों की संभावित संख्या | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| | | | वर्तमान | बैक लॉग | वर्तमान | बैक लॉग | वर्तमान | बैक लॉग | | |
| 1 | बेगुसराय | 19 | 4 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 3 | **34** |
| 2 | बरहमपुर | 36 | 16 | 0 | 23 | 0 | 5 | 0 | 8 | **88** |
| 3 | भागलपुर | 22 | 7 | 0 | 5 | 0 | 11 | 5 | 3 | **53** |
| 4 | भुबनेश्वर | 18 | 8 | 2 | 11 | 0 | 3 | 0 | 4 | **46** |
| 5 | कटक | 28 | 8 | 0 | 18 | 3 | 8 | 0 | 6 | **71** |
| 6 | हजारीबाग | 34 | 8 | 0 | 27 | 2 | 6 | 0 | 8 | **85** |
| 7 | जमशेदपुर | 39 | 5 | 0 | 33 | 1 | 9 | 0 | 9 | **96** |
| 8 | मुजफ्फरपुर | 25 | 7 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 | 4 | **45** |
| 9 | पटनाI | 28 | 14 | 0 | 0 | 0 | 13 | 0 | 6 | **61** |
| 10 | पटनाII | 29 | 5 | 0 | 0 | 0 | 21 | 0 | 6 | **61** |
| 11 | संबलपुर | 24 | 10 | 1 | 14 | 1 | 5 | 1 | 5 | **61** |
| | **कुल** | **302** | **92** | **3** | **131** | **7** | **98** | **6** | **62** | **701** |

रिक्तियों की कुल संख्या, आरक्षित रिक्तियों की संख्या सहित, उम्मीदवारों की अंतिम चयन के समय वास्तविक रिक्तियाँ और साक्षात्कार के बाद सफल उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर बढ़ या घट सकती है। विभिन्न श्रेणियों के अधीन आरक्षण अंतिम परिणाम के समय लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा ।

कर्मचारियों के प्रवर्ग से भर्ती किए जानेवाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की संख्या 15% से अधिक नहीं होगी, अभिकर्ता प्रवर्ग से भर्ती किए जानेवाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की संख्या 25% से अधिक नहीं होगी तथा अन्य प्रवर्ग (ओपन मार्केट) से भर्ती किए जानेवाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों कि संख्या प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की भर्ती के लिए कुल रिक्तियों की संख्या के 60% से अधिक नहीं होगी।

**2. परीक्षा की संभावित समय सारणी :**

उम्मीदवार नीचे दी गई तारीखों पर आवेदन पंजीकरण के लिए लॉग इन कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क / इंटिमेशन प्रभार का ऑनलाइन भुगतान प्रारम्भ तिथि | 20 मई, 2019 |
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क / इंटिमेशन प्रभार का ऑनलाइन भुगतान करने कि अंतिम तिथि | 9 जून, 2019 |
| ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लैटर डाउनलोड करना | 29 जून, 2019 से |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा कि तिथि (अनुमानित) | 6 एवं 13 जुलाई, 2019 |
| ऑनलाइन परीक्षा – मुख्य कि तिथि (अनुमानित) | 10 अगस्त, 2019 |

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से अधिकृत एलआईसी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.licindia.in के संपर्क में रहें ।

**3. <u>कार्य का स्वरुप</u> :**

यह मूलत: **विक्रय पर्यवेक्षण का कार्य** है । चयनित उम्मीदवारों को जीवन बीमा अभिकर्ताओं की नियुक्ति हेतु योग्य व्यक्तियों को प्रायोजित करना होगा, उनको प्रशिक्षित करना होगा, तथा उन्हें अधिकतम व्यक्तियों को जीवन बीमा विक्रय करने में मदद करनी होगी । उन्हे ग्राहकों को विक्रय पश्चात त्वरित सेवा प्रदान करना होगा । **इस उद्देश्य हेतु निर्धारित क्षेत्र में व्यापक दौरे करने होंगे ।**

प्रशिक्षु विकास अधिकारियों के रूप में भर्ती शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए है और चयनित उम्मीदवारों को इन क्षेत्रों में काम करना होगा।

यह संभावना है कि चयनित उम्मीदवारों में से कुछ उम्मीदवारों को क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारक्षेत्र के तहत निकट के मंडल कार्यालय / यों के क्षेत्राधिकार में नियुक्त किया जा सकता है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में हुई नियुक्ति, उम्मीदवारों को परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त होने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है।

**4. पारिश्रमिक व हितलाभ** :

प्रशिक्षु कार्यकाल के दौरान चयनित प्रशिक्षु विकास अधिकारी को भत्ते के रूप में प्रतिमाह, निगम के नियमानुसार, एक निश्चित राशि का भुगतान किया जाएगा। एक प्रशिक्षु विकास अधिकारी (कर्मचारी प्रवर्ग के अतिरिक्त) को प्रशिक्षु कार्यकाल प्रारम्भ होने के तिथि से विकास अधिकारी को देय वेतनमान का न्यूनतम मूलवेतन तथा उस पर लागू महंगाई भत्ते के बराबर भुगतान किया जाएगा। वर्त्तमान में अनुमानित वृतिका ₹ 34503/- प्रतिमाह (कर्मचारी प्रवर्ग से चयनित प्रशिक्षु विकास अधिकारी के अतिरिक्त) है।

परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी को एक निर्दिष्ट हेडक्वार्टर पर नियुक्ति के लिए निगम के नियमानुसार क्रमश: वेतनमान ₹ **21865-1340(2)-24545-1580(2)-27705-1610(17)-55075** व लागू भत्ते एवं अन्य लाभ देय होगा ।

परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी के रुप में नियुक्ति पर मूल वेतन रु.**21865/-** प्रतिमाह (कर्मचारी प्रवर्ग से चयनित प्रशिक्षु विकास अधिकारी के अतिरिक्त)) वेतनमान रु.**21865-1340(2)-24545-1580(2)-27705-1610(17)-55075** के तहत एवं अन्य स्वीकार्य भत्ते नियमानुसार देय होंगे । शहर के वर्गीकरण के आधार पर, जहाँ भी स्वीकार्य हो, हाउस रेंट अलाउंस और सिटी कॉम्पेंसेटरी अलाउंस को मिलाकर, कुल वित्तलब्धी, 'ए' वर्ग शहर में वेतनमान के न्यूनतम स्लैब पर अनुमानित ₹.37,345 /- प्रतिमाह होगी।

**अन्य सुविधाए** : उपदान (ग्रॅच्युइटी), Defined Contributory Pension Scheme, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा हितलाभ, समूह बीमा, समूह वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, वाहन अग्रिम (दो पहिया /चार पहिया), नियमानुसार देय होगा तथा ब्रीफकेस/लैदर बैग की लागत प्रतिपूर्ति, मोबाइल हैंडसेट एवं दैनिक समाचारपत्र की आपूर्ति नियमानुसार देय होगी। सेवा में स्थायीकरण के पश्चात आकर्षक विपणन प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू होगी ।

**5. प्रशिक्षुता अवधि** :

प्रशिक्षु विकास अधिकारियों को क्लासरूम और फील्ड सेल्स ट्रेनिंग दिया जाएगा। प्रशिक्षुता की अवधि, प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख से शुरू होगी।

**6. परिवीक्षा** :

प्रशिक्षु विकास अधिकारी, जो सफलतापूर्वक प्रशिक्षु कार्यकाल पूरा करता है तथा भर्ती प्राधिकारी की राय में, निगम की सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त है, को विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जा सकता है और परिवीक्षा पर रखा जा सकता है। परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष के लिए होगी, जिसे दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

**7. योग्यता शर्तें** : **01.05.2019 को योग्यता शर्ते निम्नानुसार होगी:**

भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात्, अभिकर्ता श्रेणी, कर्मचारी श्रेणी और ओपेन मार्केट श्रेणी।

**अभिकर्ता श्रेणी का अर्थ है :**

(i) ऐसा कोई व्यक्ति जो निगम से संबन्धित निगम की पॉलिसियों की निरंतरता, नवीकरण अथवा पुन:प्रवर्तन से संबन्धित व्यवसाय सहित बीमा कारोबार याचित करने या उपाप्त करने के प्रयोजन के लिए निगम द्वारा नियुक्त या नियोजित किया गया हो; अथवा
(ii) ऐसा कोई व्यक्ति जो भारतीय जीवन बीमा निगम (अभिकर्ता) विनियम, 2017 के अधीन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया हो ।

**स्पष्टीकरण:**

शंकाओं के निराकरण के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि एलआईसी द्वारा नियुक्त या **डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स /फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स**, या भारतीय जीवन बीमा निगम (अभिकर्ता) विनियम, 2017 के तहत अभिकर्ता के रूप में नियुक्त अभिकर्ता, प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती के लिए पात्र होगा ।

**'कर्मचारी श्रेणी'** से स्थाई पूर्णकालीन वैतनिक कर्मचारी तृतीय श्रेणी अभिप्रेत है।

**'अन्य श्रेणी'** का अर्थ है, ओपेन मार्केट से उम्मीदवार ।

a) **अर्हताएँ**:

(i) शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में कर्मचारी श्रेणी और अभिकर्ता श्रेणी के लिए – आवेदक के पास भारत में स्थापित विश्वविद्यालय या इस उद्देश्य के लिए अनुमोदित विश्वविद्यालय की किसी भी विषय में स्नातक डिग्री अथवा भारतीय बीमा संस्थान, मुंबई से फेलोशिप होनी चाहिए ।

(ii) शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती के लिए अन्य श्रेणी के आवेदक के पास भारत में स्थापित विश्वविद्यालय या इस उद्देश्य के लिए अनुमोदित विश्वविद्यालय की किसी भी विषय में स्नातक डिग्री अथवा भारतीय बीमा संस्थान, मुंबई से फेलोशिप होनी चाहिए ।

उन आवेदकों को वरीयता दी जा सकती है जो बीमा विपणन का अच्छा ज्ञान रखते हों तथा जो विधि सम्मत भारत में स्थापित, किसी विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी संस्थान अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से विपणन में व्यवसाय प्रशासन की मास्टर डिग्री अथवा विपणन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा रखते हों ।

**टिप्पणी :**
'मान्यता प्राप्त संस्थान 'का अर्थ है ऐसा संस्थान जो किसी भी राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो ।

उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार है और वे उपरोक्त पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं । किसी भी समकक्ष शैक्षणिक योग्यता को पात्र नहीं माना जाएगा।

उल्लिखित सभी शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त / सरकारी विनियामक द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से होनी चाहिए, और परिणाम 01.05.2019 को या उससे पूर्व घोषित किया होना चाहिए । साक्षात्कार के समय परिणाम 01.05.2019 को या उससे पूर्व घोषित होने के बोर्ड / विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा । परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि, जिस पर योग्यता की गणना की जाएगी, वह अंक पत्र / वैकल्पिक प्रमाणपत्र पर वर्णित उत्तीर्ण होने की तिथी होगी ।

b) **आयु :**

i) आवेदक की न्यूनतम आयु दिनांक 01.05.2019 को **21 वर्ष (पूर्ण वर्ष में)** और अधिकतम **30 वर्ष (पूर्ण वर्ष में)** से अधिक नहीं होनी चाहिए । **अर्थात दिनांक 01.05.2019 को उम्मीदवारों का जन्म 02.05.1989 से पहले न हुआ हो और 01.05.1998 के बाद न हुआ हो (दोनों दिन सम्मिलित)**।

ii) **नीचे दिए गए समूह से संबंधित एक आवेदक की ऊपरी आयु सीमा (पूर्ण वर्ष में) 01.05.2019 को नीचे उल्लिखित आयु से अधिक नहीं होगी: -**

| **क्र.** | **श्रेणी** | **आयु सीमा वर्षों में** |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य। | 35 |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य (क्रीमी लेयर में लोगों के अलावा)। | 33 |
| 3. | निगम के कर्मचारी जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य नहीं है। | 42 |
| 4. | निगम के कर्मचारी जो अन्य पिछड़े वर्ग (क्रीमी लेयर के अलावा) का सदस्य है। | 45 |
| 5. | निगम के कर्मचारी जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है। | 47 |
| 6. | निगम के अभिकर्ता/ अभिकर्ता के अतिरिक्त डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स /फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स )जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य नही है। | 40 |
| 7. | निगम के अभिकर्ता/ अभिकर्ता के अतिरिक्त (डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स /फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स ) जो अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य है (क्रीमी लेयर के अलावा) । | 43 |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | निगम का अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त (डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स / फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स )जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है। | 45 |
| 9. | भूतपूर्व सैनिक | 30, एवं सशस्त्र सेना में की गई सेवा वर्षों की संख्या , अधिकतम आयु 45 वर्ष, यदि वह अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य है, 47 वर्ष यदि वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है , और अधिकतम 42 वर्ष, यदि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के अलावा अन्य वर्ग का है। |
| 10. | अन्य सभी | 30 |

c) **<u>अनुभव:</u>**

आवेदक को 01.05.2019 के अनुसार अपेक्षित अनुभव निम्नानुसार है **:**

| **आवेदक की श्रेणी** | **शहरी क्षेत्र में भर्ती के लिए** | **ग्रामीण क्षेत्र में भर्ती के लिए** |
|---|---|---|
| i) कर्मचारी वर्ग | **श्रेणी III** के पद में स्थायी होने के बाद 3 वर्षों से कम सेवा न हो। | |
| ii) अभिकर्ता श्रेणी | अभिकर्ता के रूप में और अभिकर्ता के अतिरिक्त (जैसे डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स / फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स) के रूप मेँ 5 वर्ष से कम कार्य न किया हो एवं पिछले तुरंत प्रारंभ हुए 5 वित्तीय वर्षों में कम से कम 5 लाख शुद्ध प्रथम वर्षिय प्रीमियम आय अर्जित किया हो एवं इन 5 वर्षों में से, किन्ही 3 वर्षों में, प्रत्येक में कम से कम 50 जीवनों पर रू.1,00,000/- शुद्ध प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय अर्जित की हो । | अभिकर्ता के रूप में और अभिकर्ता के अतिरिक्त (जैसे डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स /फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स) के रूप मेँ 4 वर्ष से कम कार्य न किया हो, एवं पिछले तुरंत प्रारंभ होने वाले 4 वित्तीय वर्षों में से, किन्ही 3 वर्षों में से प्रत्येक वर्ष में कम से कम 50 जीवनों पर रू.1,00,000/- शुद्ध प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय अर्जित की हो । |
| iii) अन्य | ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास जीवन बीमा उद्योग में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव हो. | |

नोट**:**

शुद्ध प्रथम वर्ष प्रीमियम से अभिप्रेत है, किसी अभिकर्ता/ अभिकर्ता व्यतिरिक्त (डायरेक्ट सेल्स एक्सिक्युटीव्स / फायनेनशल सर्विस एक्सिक्युटीव्स) द्वारा तत्काल सुसंगत पूर्व संबंधित वित्तीय वर्षों संख्या के दौरान लाया गया प्रीमियम नगद या चेक के द्वारा, चेक के संबंध में जो बाद में अस्वीकृत नहीं किया गया है,जो नये व्यवसाय हेतु सहित प्रथम वर्ष के नवीकरण प्रीमियम लाया गया है जिसमे से कालातीत हुई प्रीमियम राशि से घटाई गई ऐसे प्रथम वर्ष प्रीमियम जिसे प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती हेतु आवेदन की तारीख के संदर्भ में गिना जाता है।

(i) “ग्रामीण क्षेत्र” का अर्थ है, 30,000 की जनसंख्या या उससे कम का क्षेत्र और कार्य क्षेत्र के लिए एक लाख की जनसंख्यावाला क्षेत्र ।

(ii) “शहरी क्षेत्र” का अर्थ एक ऐसा क्षेत्र है जो ग्रामीण क्षेत्र नहीं है ।

**व्याख्या** : शंकाओं के निराकरण के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि अभिकर्ता की पति / पत्नी प्रशिक्षु विकास अधिकारी की नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे ।

**8.** चयन प्रक्रिया:

चयन ऑन लाइन टेस्ट के आधार पर किया जाएगा और इसके बाद ऑन लाइन परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा और बाद में नियुक्ति पूर्व चिकित्सा परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा ।

**(I) ओपन मार्केट श्रेणी के लिए ऑन लाइन टेस्ट:**

ओपन मार्केट श्रेणी से प्रशिक्षु विकास अधिकारी का चयन दो चरण की परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा ।.

चरण-**I**: प्रारंभिक परीक्षा:

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी । परीक्षा के निम्नानुसार तीन भाग (प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग समय के साथ) होंगे :

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता | 35 | 35 | अंग्रेजी और हिंदी | 20 मिनट |
| 2 | संख्यात्मक योग्यता | 35 | 35 | अंग्रेजी और हिंदी | 20 मिनट |
| 3 | अंग्रेज़ी | 30 | 30** | अंग्रेज़ी | 20 मिनट |
| कुल | | 100 | 70 | | 1 घंटा |

** अंग्रेजी भाषा की परीक्षा अर्हता प्रकृति की होगी और अंग्रेजी भाषा में अंकों को रैंकिंग के लिए नहीं गिना जाएगा।

प्रत्येक श्रेणी में रिक्तियों की संख्या के 20 गुना के बराबर उम्मीदवारों को उपलब्धता के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए चयनित किया जाएगा ।.

चरण-**II**: मुख्य परीक्षा:

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की मुख्य परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी । मुख्य परीक्षा में 150 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल होंगे ।

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिंदी | कुल 120 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामलों और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | बीमा और वित्तीय विपणन जागरूकता जीवन बीमा और वित्तीय क्षेत्र के ज्ञान पर विशेष जोर के साथ | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| कुल | | 150 | 150 | | |

**(II)** <u>अभिकर्ता और कर्मचारी श्रेणी के लिए ऑन-लाइन **परीक्षा :**</u>

अभिकर्ता और कर्मचारी वर्ग से प्रशिक्षु विकास अधिकारी का चयन <u>**एकल चरण की परीक्षा**</u> यानी मुख्य परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा ।

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की मुख्य परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी । **मुख्य परीक्षा में** 150 **अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ टेस्ट शामिल होंगे ।**

**(i)** <u>अभिकर्ता श्रेणी के लिए :</u>

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 25 | 10 | अंग्रेजी और हिंदी | कंपोजिट १२० मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामलों और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 25 | 15 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | बीमा और बीमा के विपणन के तत्व । | 50 | 125 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| कुल | | 150 | 150 | | |

**(ii)** <u>कर्मचारी वर्ग के लिए:</u>

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 25 | 25 | अंग्रेजी और हिंदी | कंपोजिट 120 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामलों और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 25 | 25 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | अभ्यास और बीमा विपणन के सिद्धांत | 50 | 100 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| कुल | | 150 | 150 | | |

एलआईसी परीक्षा की पद्धती को संशोधित करने का अधिकार रखता है जिसके बारे में वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा । **परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी** सूचना पत्रक **में दी जाएगी जो उम्मीदवारों को एलआईसी की वेबसाइट** www.licindia.in **से कॉल लेटर्स के साथ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।**

उम्मीदवार को प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग न्यूनतम योग्यता अंक और परीक्षा (प्रारंभिक और मुख्य) तथा साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम औसत अंक प्राप्त करने होंगे । प्रत्येक पेपर और कुल में प्राप्त होने वाले न्यूनतम अंक एलआईसी द्वारा तय किए जाएंगे । रिक्तियों की संख्या के अनुरूप ऑन-लाइन परीक्षा और / अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित रखने के उद्देश्य से एलआईसी पात्रता मानदंडो और साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंकों को तय करने का अधिकार रखती है । इस संबंध में निगम का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

सही एवं गलत उत्तरों के पहचान करने के लिए अन्य उम्मीदवारों के साथ व्यक्तिगत उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाएं (उत्तर) का विश्लेषण किया जाएगा। यदि इस संबंध में अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में यह अनुमानित/निष्कर्ष निकाला जाता है कि प्रतिक्रियाएं साझा की गई हैं और प्राप्त किए गए स्कोर वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो एलआईसी के पास संबंधित उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है और ऐसे उम्मीदवारों के रिजल्ट को (अयोग्य) रोक दिया जाएगा ।

विभिन्न सत्रों (यदी होते है) में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त स्कोर समान- प्रतिशत बराबर विधि का उपयोग करके सामान्य किया जाएगा ।

गलत उत्तरों के लिए जुर्माना नहीं लगेगा । हालांकि, उम्मीदवारों को यादृच्छिक अनुमान के माध्यम से जवाब चिह्नित नहीं करने की सलाह दी जाती है ।

निम्नलिखित प्रक्रिया **के उपयोग द्वारा परीक्षा का स्कोर निर्धारित किया जाएगा:**

(i) उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में सही दिए गए उत्तरों की संख्या के आधार पर स्कोर प्राप्त किया जाएगा |

(ii) समान अंक निर्धारित करने के लिए विभिन्न सत्रों में आयोजित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ पारीक्षा में कठिनाई स्तर ( यदि कोई हो) छोटे अंतर को ध्यान में रखते हुए उम्मीदद्वार द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को समकक्ष बनाया जाता है|

* सभी प्रारूपों के स्कोर के वितरण पर विचार करते हुए, किसी भी परीक्षा में उम्मीद्वार द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को समकक्ष बनाया जाता है|

(iii) परीक्षा वार स्कोर और कुल स्कोर को दशमलव बिंदु के दो अंकों तक दर्ज किया जाएगा|

**(III)** *साक्षात्कार*:

केवल मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों को साक्षात्कार के लिए चयनित करने हेतु विचार किया जाएगा और मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों + साक्षात्कार में प्राप्त अंकोंपर उम्मीद्वारों की अंतिम मेरिट सूची निर्भर करेगी ।

I. रिक्त पदों की संख्या के अनुरूप, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीद्वारों की संख्या सीमित रखने के उद्देश्य से एलआईसी पात्रता मानदंडो और साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंकों को तय करने का अधिकार रखती है| अधिकतम साक्षात्कार अंक **37** है ।

II. दो या अधिक उम्मीद्वारों के एक समान अंक आने के स्थिति में, उम्मीद्वारों केऐसे समूह का योग्यता क्रम मुख्य परिक्षा और साक्षात्कार में कुल अंकों के अनुसार होगा और इसके बाद उनकी अतिरिक्त स्नातकोत्तर अर्हता (अर्थात् उच्चतर शैक्षणीक योग्यता प्राप्त उम्मीदवार को मेरिट क्रम में उच्च रखा जाएगा) और शैक्षिक योग्यता में भी समानता होने पर , योग्यता क्रम आयु के आधार पर तय किया जाएगा, (यानी आयु में वरिष्ठ होने पर योग्यता क्रम में ऊँचा स्थान दिया जाएगा) ।

III. मुख्य सूची में सफल घोषित न किए गए उम्मीदवारों के लिए कोई संभावित /प्रतीक्षा सूची नहीं होगी ।

**(IV) भर्ती पूर्व चिकित्सा परीक्षा:**

चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा बशर्ते कि वह इस प्रयोजन के लिए एलआईसी द्वारा प्राधिकृत चिकित्सा परीक्षक द्वारा चिकित्सीय रूप से योग्य पाया जा सके ।.

**9. अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण:**

अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का प्रावधान है । परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का लाभ लेने के इच्छुक एससी/एसटी/ओबीसी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन करते समय विकल्प का प्रयोग करना चाहिए ।

जिन अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व. उम्मीदवारों ने ऑन लाइन आवेदन करते समय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुना है, वे भारतीय जीवन बीमा निगम के जिस मण्डल कार्यालय में आवेदन किया है उस मंडल कार्यालय के सीनियर डिवीजनल मैनेजर से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर संपर्क कर सकते हैं। मंडल कार्यालय में पंजीकृत

उम्मीदवारों को प्रशिक्षण की तिथि व स्थान की जानकारी दी जाएगी । ऐसे उम्मीदवारों को उनकी स्वयं के खर्चे पर नियुक्त तिथियों तथा उन्हें सलाह स्थल पर प्रशिक्षण में उपस्थित होना होगा । एलआईसी के डिविजनल ऑफिसेज के पते देखने के लिए वेबसाइट पर "करियर " टैब देख सकते है।

**10. परीक्षा केंद्र का चयन**

- संबंधित कॉल लेटर में दिए गए स्थलों पर परीक्षा ऑनलाइन किया जाएगा ।
- परीक्षा के लिए केन्द्र/स्थान/तिथि/सत्र में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
- तथापि, निगम किसी भी परीक्षा केन्द्र को रद्द करने और/अथवा कुछ अन्य केन्द्रों को अपने विवेकानुसार प्रत्युत्तर, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।
- निगम के पास किसी भी केंद्र को उम्मीदवार को आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित है ।
- उम्मीदवार किसी परीक्षा केंद्र पर अपने जोखिम व खर्चे पर परीक्षा देने के लिए उपस्थित होंगे और किसी भी प्रकार की चोट या नुकसान आदि के लिए निगम जिम्मेदार नहीं होगा ।
- उम्मीदवार केवल एक केन्द्र का चयन कर आवेदन पत्र में इंगित करें । एक बार उम्मीदवार द्वारा इंगित किए गए केंद्र का चयन अंतिम होगा ।
- यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार "ऑनलाइन" परीक्षा के लिए किसी विशेष केंद्र का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो उन उम्मीदवारों को किसी अन्य निकटवर्ती केंद्र को आवंटित करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखती है या यदि उम्मीदवारों की संख्या ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपलब्ध क्षमता से अधिक है तो निगम के पास उम्मीदवार को कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। उम्मीदवारों को दिनांक/केंद्र/परीक्षा स्थल में परिवर्तन होने पर ई-मेल और एसएमएस द्वारा तदनुसार सूचित किया जाएगा ।
- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र की सूची अनुबंध -I में दी गई है ।

**11. मण्डल कार्य का चयन :**

सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा भर्ती अधिसूचनाएं जारी की जा रही हैं । **उम्मीदवार केवल एक मण्डल के लिए ही आवेदन कर सकता है ।**

| क्र. | मण्डल |
|---|---|
| 1. | बेगुसराय |
| 2. | बरहमपुर |
| 3. | भागलपुर |
| 4. | भुबनेश्वर |
| 5. | कटक |
| 6. | हजारीबाग |
| 7. | जमशेदपुर |
| 8. | मुजफ्फरपुर |
| 9. | पटनाI |
| 10. | पटनाII |
| 11. | संबलपुर |

**12.गारंटी बॉन्ड:**

**प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से न्यूनतम चार वर्ष की अवधि के लिए (प्रशिक्षुता अवधि सहित) निगम की सेवा करने के लिए एक वचनपत्र देना होगा**

**और ऐसा नहीं करने पर उसके उत्तराधिकारी निष्पादक, प्रशासक परिसमापन हर्जाना ₹** *25000/-* **मात्र** *(***केवल** *25000* **रुपए***)* **करने के लिए उत्तरदायी होंगे । उम्मीदवार को ₹** *25000/- (***केवल** *25000/-* **रुपये***)* **का क्षतिपूर्ति बॉन्ड जमा करना होगा और उसे ठोस वित्तीय स्थिति के जमानती के द्वारा निष्पादित किया जाएगा । बॉन्ड का स्टेंप मूल्य उस राज्य पर लागू होगा, जिसमें बॉन्ड निष्पादित किया जाता है।**

**13. <u>कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई/अनुचित साधनों का उपयोग:</u>**

- उम्मीदवारों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि उन्हे कोई भी गलत /झूठी सूचना नहीं देनी चाहिए और किसी भी प्रकार की तात्विक जानकारी से छेड़छाड़ अथवा छिपाना नहीं चाहिए ।
- परीक्षा/साक्षात्कार परिसर में मोबाइल फोन, पेजर, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी उपकरण का उपयोग प्रतिबंधित है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे मोबाइल फोन आदि सहित किसी भी निषिद्ध वस्तु को परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती ।
- भर्ती के किसी भी चरण में अगर कोई उम्मीदवार दोषी पाया जाता है –

**i.** परीक्षा या साक्षात्कार के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना,
**ii.** किसी व्यक्ति के द्वारा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देना,
**iii.** परीक्षा केंद्र / साक्षात्कार हॉल में दुर्व्यवहार करना या परीक्षा की सामग्री किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से उसके भाग में या उसके हिस्से में कोई जानकारी किसी भी प्रयोजन के लिए मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यंत्रवत् माध्यम से प्रकट करना, प्रकाशन, पुनर्उत्पादन, संचारण, भंडारण करना,
**iv.** चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी गलत साधन (अनियमितता) का उपयोग करना,
**v.** अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित साधनों का सहारा लेना

**इस तरह का कोई भी उम्मीदवार अपराधिक दंडात्मक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही के अतिरिक्त** :

a) परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा ;
b) निगम द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा से एक निर्दिष्ट अवधि के लिए या स्थायी रूप से वर्जित किया जाएगा ;
c) यदि वह पहले ही निगम में शामिल हो गया है तो उसकी सेवा समाप्त की जाएगी ।

14. **<u>बॉयोमीट्रिक डेटा प्राप्त करना और सत्यापन:</u>**

a. निम्नलिखित चरणों में भर्ती की प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के बायोमीट्रिक डेटा (दाएं अंगूठे का निशान या अन्य) और उनकी तस्वीर ली जाएगी और उनका सत्यापन होगा:

**(i)** प्रारंभिक/ऑनलाइन परीक्षा शुरू होने से पहले;
**(ii)** मुख्य परीक्षा के दौरान प्रवेश और निकास के समय;
**(iii)** साक्षात्कार से पहले दस्तावेज सत्यापन के समय;
**(iv)** प्रशिक्षण के लिए रिपोर्टिंग के समय।

b. बॉयोमीट्रिक डेटा के संबंध में प्राधिकारी का (मैच होना या न होना ) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा ।

c. उपरोक्त किसी भी अवसर पर बायोमीट्रिक कैप्चरिंग/सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से इंकार करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।

d. यदि उंगलियां लेपित (मुद्रांकित स्याही/मेहँदी/रंग आदि) हो तो उन्हें अच्छी तरह से धोना और सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा/साक्षात्कार/ज्वाइनिंग डे से पहले कोटिंग/लेप पूरी तरह से हट जाए ।

e. यदि उंगलिया गंदी है तो , उंगली प्रिंट (बायोमेट्रिक) देने के समय उन्हे अच्छी तरह से धो ले और सूखा ले

f. सुनिश्चित करें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हैं । यदि उंगलियां नम हैं, तो उन्हें सुखाने के लिए प्रत्येक अंगुली को पोंछ लें ।

g. यदि कैप्चर किए जानेवाली प्राथमिक अंगुली (दायां अंगूठा) घायल/क्षतिग्रस्त है, तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें । ऐसे मामलों में अन्य उंगलियों, टोज आदि के छाप को लिया जा सकता है ।

h. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त उल्लिखित अवसरों के अलावा, एलआईसी के पास अन्य चरणों में भी उम्मीदवारों के बायोमीट्रिक आंकड़ों का अभिग्रहण/सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित है ।

**15. आवेदन कैसे करें**:

निमन हेतु विस्तृत दिशानिर्देश / प्रक्रिया –

A. आवेदन पंजीकरण
B. शुल्क का भुगतान
C. दस्तावेज़ स्कैन और अपलोड

उम्मीदवार 20.05.2019 से 09.06.2019 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा।

**पंजीकरण से पहले ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें**

ऑनलाईन आवेदन से पहले, उम्मीद्वारों को करना चाहिए –

(i) स्कैन करें
. फोटोग्राफ (4.5cmx 3.5cm)
. हस्ताक्षर (काली स्याही के साथ)
. बायां अंगुठे का निशान (श्वेत पत्र पर काली या नीली स्याही से)
. एक हस्तलिखित घोषणा (काली स्याही से श्वेत पत्र पर) (नीचे दिया गया पाठ) यह सुनिश्चित करते हुए कि ये सभी स्कैन किए गए दस्तावेज बिन्दु 'C' के अंतर्गत दिए गए आवश्यक विनिर्देशों का पालन करें ।

**(ii)** कॅपिटल लैटर्स में किए गए हस्ताक्षर मान्य नहीं होंगें।

(iii) **बाएं अंगूठे के निशान को ठीक से स्कैन किया जाना चाहिए और धब्बा नहीं होना चाहिए । (यदि किसी उम्मेदवार का बायां अंगुठा नहीं है, तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाएं अंगूठे का उपयोग कर सकता है।)**

(iv) हस्तालिखित घोषणामें क्या लिखना है यह निम्न लिखित है।–
**“I, _______ (Name of the candidate), hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required.”**

(v) उपरोक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की लिखावट और अंग्रेजी में ही होनी चाहिए। यदि इसे किसी अन्य द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखी और अपलोड की जाती है, तो आवेदन को अमान्य माना जाएगा ।

(vi) आवश्यक आवेदन शुल्क/सूचना प्रभारों का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/दस्तावेज तैयार रखें ।

(vii) अपने पास एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर रखें, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए । एलआईसी परीक्षा आदि के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से सूचना भेज सकती है । यदि किसी उम्मेदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है तो उन्हे ऑन लाइन आवेदन करने से पहले अपना नया ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बना लेना चाहिए और दोनों को आगे के लिये बनाए रखना चाहिए।

**आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क (नॉन रिफंडेबल) का ऑनलाइन शुल्क का भुगतान: 20.05.2019 से 09.06.2019 ।**

आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन शुल्क उम्मीदवार को वहन करना होगा ।

**A.** <u>आवेदन पंजीकरण:</u>

उम्मीदवार को “**Careers**” शीर्षक के तहत एलआईसी की वेबसाइट **http://www.licindia.in/Bottom-Links/careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है । आवेदन के अन्य साधनों/साधनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा

1. **01.05.2019** को पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार एलआईसी की वेबसाइट http://www.licindia.in/Bottom-Links/careers पर जाए और "ऑन लाइन एलआईसी एडीओ भर्ती परीक्षा **2018-19** के लिए आवेदन" लिंक खोलने के लिए **"Careers"** शीर्षक के तहत लॉग इन करें। यह लिंक उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण पृष्ठ पर रीडायरेक्ट करता है।
2. A candidate can apply under multiple categories (i.e. Open Market, Agents Category or Employee Category) subject to eligibility criteria prescribed for that particular category with regard to age/qualification/experience.
3. In case candidate applies more than once under a single category (i.e. Open Market, Agents Category or Employee Category) only the latest application will be considered.
